दैनिक
# न्याय साक्षी

## खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### लाखों के ईनामी नक्सली चढ़े सुरक्षाबल के हत्थे

**सुकमा-रायपुर (आरएनएस)।** जवानों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. तीन इनामी समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें 1 महिला नक्सली भी शामिल है. गिरफ्तार एक पुरुष और एक महिला नक्सली पर 2-2 लाख और एक नक्सली पर 1 लाख रुपए का ईनाम घोषित है.थाना चिंतागुफा पुलिस, डीआरजी और 02 री वाहिनी सीआरपीएफ, 203 कोबरा वाहिनी ने संयुक्त कार्रवाई की है. सभी गिरफ्तार नक्सली थाना चिंतागुफा क्षेत्र में एक ग्रामीण की हत्या करने की घटना में शामिल थे.जानकारी के मुताबिक, नक्सल विरोधी अभियान के दौरान चिंतागुफा थाना क्षेत्र के दुलेदा गांव के जंगल के करीब सुरक्षाबलों ने मुचाकी हुंगा उर्फ जट्टी, कवासी गंगी, माडवी हिंगा और दो अन्य को गिरफ्तार किया गया है. माडवी मेटागुडा आरपीसी के तहत दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन (डीएकेएमएस) का अध्यक्ष था. वहीं दो अन्य नक्सली निचले स्तर के कैडर के हैं. इधर अंतागढ़ के नयापारा नदी किनारे नक्सलियों ने बैनर पोस्टर लगा कर आरोप लगाया है कि उनके नक्सली लीडर प्रभाकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. बैनर के माध्यम से कहा है कि 19 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी कर अंतागढ़ से ही प्रभाकर को गिरफ्तार किया गया है. वहीं सुरक्षित तरीके से प्रभाकर को जल्द से जल्द कोर्ट में पेश करने को कहा है. बता दे कि प्रभाकर 1997 से नक्सल संगठन में सक्रिय था, जिसके सिर पर करीब 25 लाख रुपए का इनाम घोषित है।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमेरा डोटोपार बाईपास में ग्राम पनगांव के पास एक अज्ञात वाहन द्वारा एक्सीडेंट हुआ है जिसमें एक महिला एवं पुरुष की मृत्यु हो गई है। दुर्घटना के दौरान मोटरसाइकिल चालक एक पुरुष एवं एक महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पहुंचा एवं दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया है। मृतकों के नाम:- 1. अशोक साहू पिता मुन्ना लाल साहू उम्र 35 साल 2. पुष्पा देवी साहू पति दशरथ साहू उम्र 40 वर्ष साकिन सलखन थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा।

### तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, दो भाईयों की मौत

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** जिले में बीती रात दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया. जिले के भखारा क्षेत्र के कोलियारी मोड़ के पास में एक तेज रफ्तार कार चलती ट्रक में जा घुसी. इस घटना में कार सवार दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद मृतकों के शव को कार से बाहर निकाला. पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पीएम के लिए रवाना कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान धर्मेंद्र साहू (22 वर्ष) और लिकेश साहू (17 वर्ष) के रूप में हुई है, जो बोरझरा के रहने वाले थे. दोनों रायपुर स्थित रिश्तेदार के घर से वापस बोरझरा लौट रहे थे, इसी दौरान वे भखारा में कोलियारी मोड़ के पास ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे के शिकार हो गए।

### पेट्रोल पंप में 15 लाख की हेराफेरी, मैनेजर के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** देवपुरी स्थित एचपी पेट्रोल पंप में मैनेजर द्वारा 15 लाख रुपए की हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुलविंदर कौर भाठिया 63 वर्ष मेग्रेटो सिग्रेचर लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी का देवपुरी में एचपी पेट्रोल पंप है। जहां आरोपी राजेन्द्र कुमार पटेल मैनेजर का काम करता है। आरोपी ने प्रार्थी के पेट्रोल पंप में काम करने के दौरान पेटीएम से प्राप्त राशि 15 लाख को आहरण करके धोखाधड़ी किया।

# छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा है स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार : मुख्यमंत्री साय

❑ **मुख्यमंत्री ने कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कारों का किया वितरण**

**रायपुर । आरएनएस**

प्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मेडिकल कॉलेज रायपुर में आज कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। जशपुर जिले से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला को मिला। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जात्रा को प्रशस्ति पत्र और 15 लाख का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य में अच्छे कार्य के लिए पत्थलगांव विकास के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पाकरगांव की सी एच वो संदीपा सिंगार को संस्थागत प्रसव कार्य में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वास्थ्य विभाग के टीम को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में स्वास्थ्य योद्धाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया और चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जब प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ होगा तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ हो रही हैं। उन्होंने प्रदेश में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 11 लाख से अधिक लोगों के स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य अमले को बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि परिवेश की स्वच्छता के साथ ही अस्पताल की स्वच्छता भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



ने जब स्वच्छ भारत का संकल्प लिया था, उसमें अस्पताल की स्वच्छता को भी प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सांसद रहने के रहने के दौरान मेरे दिल्ली स्थित निवास में इलाज के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन मेरे आवास में ही रुकते थे। तब मेरे घर की व्यवस्था देख श्रद्धेय स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने कहा था कि तुमने तो अपने घर को मिनी एम्स बना रखा है। श्रद्धेय अटल जी के कार्यकाल के दौरान रायपुर एम्स की जब स्वीकृति मिली तो वास्तव में छत्तीसगढ़ और आसपास के इलाकों के लाखों लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का रास्ता खुल गया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील नेतृत्व ने आम जनता के कारगर इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना तैयार की। गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक के इलाज की व्यवस्था हो गई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वो अपने वयोवृद्ध लोगों का कितना ख्याल रख पाता है। हमारे बुजुर्ग अपना पूरा जीवन समाज के लिए देते हैं और समाज का फर्ज है कि उनकी पूरी देखरेख करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के लिए भी पांच लाख रुपए तक के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का फोकस है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी मिले। लोगों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बढिय़ा हुआ है इसका असर मेडिकल टूरिज्म के रूप में दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में भी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल्स में पड़ोसी राज्यों से भी मरीज आते हैं। हम लगातार छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य अधोसंरचना को बेहतर करने काम कर रहे हैं। आंबेडकर हास्पिटल में हम 700 बिस्तर अस्पताल भवन तैयार कर रहे हैं। इसके बाद यहां की क्षमता दो हजार मरीजों की हो जाएगी।छत्तीसगढ़ में मेडिकल कालेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में हमने चार मेडिकल कालेजों के भवन निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। हमारे हिंदी मीडियम के और ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा में किसी तरह की दिक्कत न आये, इसके लिए हम हिंदी माध्यम में मेडिकल की शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटें भी बढ़ाई गई हैं।

## बडे हरदी में जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

❑ **संकुल सोडेकेला को मिला ओवरआल चैम्पियन का खिताब**

**रायगढ़**



बच्चों में शारीरिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास हेतु विकास खंड पुसौर में शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में पंचपारा जोन में भी जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। खेल प्रतियोगिता के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संकुल सोडेकेला बडेहरदी एवं पंचपारा संकुल के अठारह स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए। खेल प्रतियोगिता के साथ शैक्षणिक प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ओवरआल चैम्पियनशिप का खिताब सोडेकेला संकुल के नाम रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बड़ेहरदी के सरपंच सुधांशु साहू, मंडी अध्यक्ष मुक्तेश्वर पंडा, बोधराम राम साव, उप संरपच मनोज गुप्ता, ब्रांच मैनेजर मधुकर श्रीवास्तव एवं ग्राम पंचायत बड़ेहरदी के समस्त पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम वासियों की ओर से 21 ग्राम के बच्चों को बाल भोग के रुप मे खाना खिलाया गया।

## सुशासन सप्ताह : गांव की ओर पहुंचा प्रशासन, घर पहुंच हितग्राहियों को वितरित किया जाति एवं निवास प्रमाण पत्र

❑ **कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में 24 दिसंबर तक चलेगा सुशासन सप्ताह**

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सुशासन सप्ताह 2024 के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' जन शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के लिए जिले में सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।

जिसके तहत विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें तहसीलदारों द्वारा हितग्राहियों के घर पहुंचकर उन्हें देय किसान किताब, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र अथवा पारित राजस्व आदेश की सत्यप्रति प्रदान करना, पीवीटीजी ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना, विद्यालयों में सुशासन विषय पर निबंध लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता, जिले के एकलव्य विद्यालयों तथा प्रयास विद्यालय में सुशासन विषय पर निबंध लेखन, वाद विवाद, संगोष्ठी एवं पेंशन प्रकरण अथवा अनुकंपा नियुक्ति संबंधी लंबित प्रकरण का नियमानुसार त्वरित निराकरण, महतारी वंदन योजना से समाज में आए आर्थिक एवं सामाजिक विकास संबंधी परिवर्तनों पर प्रदर्शनी के साथ ही महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री के नाम पर प्राप्त पाती का हितग्राहियों के बीच वचन जैसे गतिविधियां आयोजित की जाएगी।



इसी क्रम में आज सुशासन सप्ताह के अवसर पर तहसीलदार विकास जिंदल एवं हल्का पटवारी संतोष साहू द्वारा हितग्राही तहसील तमनार अंतर्गत ग्राम पड़ीगांव निवासी ऐश्वर्या राठिया पिता धनेश्वर राठिया का जाति प्रमाण पत्र एवं जागेश्वर राठिया पिता धनेश्वर का निवास प्रमाण पत्र घर जाकर सौंपा। इसी प्रकार तहसील घरघोड़ा अंतर्गत तहसीलदार घरघोड़ा मनोज कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सहोदर राम पैंकरा द्वारा जाति प्रमाण पत्र हितग्राहियों को उनके घर पहुंचकर प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए पालकों एवं बच्चों ने प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पूंजीपथरा पुलिस की अवैध कबाड़ पर बैक टू बैक 02 कार्यवाई

❑ **माजदा और पिकअप वाहन के साथ 6 टन 200 किलो स्कैप जब्त**

**रायगढ़**

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल की दिशा निर्देशन पर पूंजीपथरा पुलिस ने अवैध कबाड़ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज एक पीकअप वाहन और माजदा वाहन से संदिग्ध लोहे का कबाड़ (6 टन 200 किलोग्राम) जब्त किया है। दो अलग-अलग मामलों में वाहन चालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

दिनांक 22 दिसंबर 2024 को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि पीकअप वाहन (क्रमांक CG13 LA1562) में अवैध कबाड़ लोड कर तराईमाल से जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क की ओर लाया जा रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी ने पेट्रोलिंग टीम को मौके पर रवाना किया।




टीम ने घरघोड़ा रोड पर जिंदल पार्क के सामने नाकेबंदी कर पीकअप वाहन को रोका। वाहन चालक ने अपना नाम मुख्तार अंसारी (30 वर्ष), पिता इदरीश अंसारी, निवासी लाखा, डनसेना ढाबा, थाना सिटी कोतवाली, रायगढ़ बताया। वाहन में लगभग 1200 किलोग्राम ( 1टन 200 किलोग्राम) लोहे का कबाड़ (कीमत रु.35,000) मिला, मौके पर वाहन चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।चोरी के सामान होने की आशंका में पुलिस ने लोहे के कबाड़ को विधिवत जब्त किया।

वहीं दूसरी कार्रवाई शाम को गेरवानी सालासर चौंक पर पूंजीपथरा पुलिस टीम ने किया, पुलिस टीम ने मुखबीर सूचना पर एक लाल रंग के माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एक्स 1109 पर विभिन्न प्रकार के लोहे के स्क्रैप को वाहन चालक लखन्द्र राम पिता लक्ष्मी राम उम्र 40 साल निवासी ग्राम पालीवार थाना बारियाबाग जिला गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) हाल मुकाम ग्राम खैरपुर थाना कोतरारोड़ रायगढ़ के कब्जे से जप्त किया गया है वाहन में लोड करीब 5 टन स्क्रैप जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए है इसके संबंध में वाहन चालक कोई कागजात नहीं होना बताया। पुलिस ने चोरी के संदेह पर कार्यवाही करते हुए वाहन मय कबाड़ जप्त किया गया है। आरोपी मुख्तार अंसारी और लखन्द्र राम के खिलाफ पृथक-पृथक धारा 35(क)(ड) BNSS/303(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों कार्यवाही में पुलिस ने माजदा और पिकअप वाहन पर लोड करीब 6 टन 200 किलोग्राम अवैध कबाड़ कीमत करीब 1,85,000 रुपए का जप्त किया गया है, दोनों कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, विजय एक्का, प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, विनीत तिर्की आरक्षक विक्रम कुजूर और अभिषेक द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 24 दिसम्बर को

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार युवाओं को सास्कृतिक गतिविधियों से जोडऩे एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विकास खंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोडातराई, विकासखंड पुसौर में 24 दिसम्बर को किया जाएगा। जिसके लिए 23 दिसम्बर तक पंजीयन कराना जरूरी है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी दिनेश कुमार पटेल ने बताया कि विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव में पुसौर विकासखंड में निवासरत 15 वर्ष से 29 वर्ष के प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते है। इस प्रतियोगिता में सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला, तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद, रॉकबैड आदि विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागियों को भाग लेने का मौका मिलेगा। उक्त प्रतियोगिता के लिये सभी हायर सेकेंडरी स्कूल के पा्रचार्यो को 23 दिसम्बर तक पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया गया है। अग्रिम पंजीयन कराने के लिए संकुल केंद्र कोंडातराई के संकुल शैक्षिक समन्वयक बेनी प्रसाद उरांव मोबाइल नंबर 7999539703 पर संपर्क किया जा सकता है।

## उपार्जन केंद्र से धान परिवहन कर रहे मिलर के ट्रूक में लगी आग

❑ **फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, कोई हताहत नहीं**

❑ **700 बोरी धान मिलिंग के लिए लेकर जा रही थी गाड़ी, करीब 100 बोरी धान आग से प्रभावित, 600 बोरी धान सुरक्षित**

❑ **शासकीय संपत्ति का नुकसान नहीं: खाद्य अधिकारी**

**रायगढ़**



धान खरीदी के उपरांत समिति से मिलिंग के लिए धान उठाव कर लेकर जा रहे ट्रक में कुसमुरा के पास आग लग गई। ट्रक के केबिन में मेकेनिकल फाल्ट के चलते आग लगी। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड द्वारा ट्रक में लगी आग पर काबू पाया गया। जिला खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। ट्रक में मिलर द्वारा समिति से उठाव कर 700 बोरी धान मिलिंग के लिए परिवहन किया जा रहा था। प्राथमिक आंकलन में आग लगने से करीब 100 बोरी धान के जलने की आशंका है। शेष 600 बोरी धान सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि मिलर द्वारा डीओ जारी करवा कर धान का उठाव किया गया था और इस दुर्घटना से शासकीय संपत्ति को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है।

## सरवानी में आयोजित पशु मेला में उत्कृष्ट पशुपालक हुए सम्मानित

❑ **दुधारू पशु श्रेणी में चूड़ामणि पटेल को मिला प्रथम पुरस्कार**

**रायगढ़**





विकासखंड रायगढ़ के ग्राम-सरवानी में गोपूजन, पशु मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने चरवाहों एवं उत्कृष्ट पशुपालकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पशु मेला एवं प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पशु पक्षी को रखा गया था। जिसमें घड़ी लाल पटेल का घोड़ा और सुंदरलाल का भेड़ा आकर्षण का केंद्र था। पशुओं के अलग-अलग वर्ग में पुरस्कार भी दिया गया जिसमें दुधारू पशु श्रेणी में चूड़ामणि पटेल को-प्रथम, त्रिलोचन पटेल-द्वितीय एवं नवीन पटेल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। दुधारू पशु वर्ग में ही टीकाराम पटेल, उमाशंकर पटेल एवं चेतन पटेल के गायों को भी पुरस्कृत किया गया।

इसी प्रकार शंकर बछिया श्रेणी में रेहलाल पटेल, रोहित पटेल, अजय पटेल, चूड़ामणि पटेल को पुरूस्कृत किया गया। स्वस्थ बछड़ा श्रेणी में सौरभ पटेल एवं बृजेश पटेल को दिया गया। दुधारू भैंस में सौरव पटेल एवं लाल बहादुर को दिया गया, भैंस जोड़ी के लिए हीरासाय निषाद को, भेड़ एवं बकरा प्रजाति में बिहारी लाल सिदार, सुंदरलाल पाव एवं रमेश कुमार को दिया गया। बत्तख में रेशम लाल पटेल, खरगोश के लिए विनय पटेल एवं घोड़ा के लिए घड़ी लाल पटेल को पुरस्कार दिया गया। डॉक्टर पूरन पटेल के द्वारा बताया गया कि पशु पालकों में जागरूकता एवं प्रति स्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से शासन के द्वारा पशु मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ विनोद अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मण नायक, घड़ी लाल पटेल, लोचन पटेल, डॉ.डी.एन चौधरी, डॉ विनोद अग्रवाल, डॉ पूरन पटेल, डॉ अनिल पटेल, डॉ नरेंद्र नायक, अवधेश पटेल उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480